तापमान

अधिकतम 42 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 29 अप्रैल 2026

[ खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार ]

4 तीन डेयरी से लिया दूध, दही और पनीर का सैंपल, जांच के लिए भेजे गए लैब




## औद्योगिक सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धत कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं

इच्छुक छात्र- छात्राएं आवेदन करें




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 **पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चोक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

Advt.


## खबर संक्षेप



### सरसीवा क्षेत्र में खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने की जांच

**सारंगढ़।** जन स्वास्थ्य की सुरक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सही दवा शुद्ध आहार यही है छत्तीसगढ का आधार की थीम पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम द्वारा सरसीवा क्षेत्र में सघन जांच अभियान चलाया गया तथा छोटे छोटे ठेले, गुमटी, होटल, कोल्डड्रिंक सेंटर व किराना दुकानों में जाकर निरीक्षण किया गया एवं उनको खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। कुछ जगह पर अखाद्य रंग, उपयोग किए तेल, कालातीत खाद्य सामग्री को नष्ट कराया गया। दल द्वारा जगह जगह उपस्थित लोगों को खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरुक किया गया तथा जिन दुकानदारों के पास आवश्यक खाद्य पंजीयन नहीं पाया गया उनको पंजीयन हेतु निर्देशित किया गया। आम जनता से भी अपील किया गया कि खाद्य पदार्थों का उपभोग जांच परख कर ही किया जाए। किसी भी प्रकार का अगर कोई शिकायत हो तो विभाग को सूचित करने की अपील की गई। पुलिस और राजस्व विभाग के दल में अभिहित अधिकारी भारत भूषण पटेल, खाद्य सुरक्षा अधिकारी वरुण पटेल शामिल थे।

### षष्ठी देवी का निःशुल्क हुआ सफल सी.सेक्शन

**रायगढ़।** जिले में स्वास्थ्य योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन आम नागरिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रहा है। इसी क्रम में शासकीय मातृ एवं शिशु अस्पताल रायगढ़ में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत एक महिला का सफल सी.सेक्शन ऑपरेशन निःशुल्क किया गया।



हितग्राही षष्ठी देवी जायसवाल ने बताया कि प्रसव के दौरान ऑपरेशन की स्थिति बनने पर निजी अस्पतालों में होने वाला खर्च उनके परिवार के लिए चिंता का विषय बन गया था। ऐसे में शासकीय अस्पताल में भर्ती कराए जाने पर आयुष्मान कार्ड के माध्यम से उनका पूरा उपचार बिना किसी खर्च के संपन्न हुआ। उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए बताया कि डॉक्टरों एवं स्टाफ द्वारा निरंतर देखभाल की गई। समय.समय पर स्वास्थ्य की जानकारी ली जाती रही तथा सभी आवश्यक सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं। षष्ठी देवी ने इस सफल उपचार के बाद शासन की स्वास्थ्य योजनाओं एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना जैसी पहल से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को बड़ी राहत मिल रही है और पात्र हितग्राहियों को इसका लाभ अवश्य लेना चाहिए। जिले में शासकीय मातृ एवं शिशु अस्पताल में उपलब्ध विशेषज्ञ सेवाओं और आधुनिक सुविधाओं के चलते अब जटिल प्रसव के मामलों में भी सुरक्षित एवं निःशुल्क उपचार संभव हो रहा है। आयुष्मान भारत योजना एवं अन्य स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से स्वास्थ्य सेवाओं का स्तर लगातार बेहतर हो रहा है।

### बिना पंखा और लाइट के नौनिहाल हो रहे बेहाल, तपती धूप में पढ़ने को मजबूर

# जहां नौनिहाल गढ़ते हैं भविष्य वहां आज भी छाया है अंधेरा, भरी गर्मी व तपती धूप में पसीने से तर-बतर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

43 डिग्री तापमान में जहां पंखे, कूलर, एसी भी राहत नहीं पहुंपा पा रहा है, ऐसे हालात में 12 बाई 12 के एक कमरे में बैठे दो-तीन साल के नन्हें बच्चों के माथे से टपकते पसीने कि सी पीड़ा से कम नहीं है। यह हालात है जिले के उन आंगनबाड़ी केंद्रों की जहां आज की आधुनिकता के दौर में भी अंधेरा छाया है। ऐसे हालात इसलिए बने हैं क्यों कि अब तक यहां बिजली नहीं पहुंची है। हालात यह है कि जहां नौनिहाल अपना भविष्य गढ़ते हैं वहां आज भी अंधेरा कायम है। इसके कारण भरी गर्मी और तपती धूप में बच्चे पसीने से तर-बतर हो जाते हैं। हालांकि अब जब कलेक्टर को इस बात की जानकारी मिली है तो उन्होंने पहल करते हुए तत्काल ऐसे केंद्रों में बिजली लगाने का निर्देश दिया है। अब महिला बाल विकास के अधिकारियों ने सीएसपीडीसीएल को इसकी सूची सौंप दी है।

सुविधा और संसाधनों के नाम पर हर साल करोड़ों रुपए खर्च होता है, इसके बावजूद जिले के ऐसे करीब 925 आंगनबाड़ी केंद्र हैं जहां आज भी अंधेरा छाया है। भरी गर्मी, तपती धूप में वहां पढ़ने वाले नौनिहालों पर क्या गुजरती होगी यह सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। यहां अब तक बिजली नहीं पहुंची है। याने विना बिजली सालों से ऐसे आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हो रहे हैं। यहां अपनी बुनियादी शिक्षा हासिल करने वाले नौनिहालों को ना तो पंखा नसीब हो रहा है और ना ही बिजली। हाल में ही इसकी जानकारी जब कलेक्टर को मिली तो उन्होंने नाराजगी जताई। इसके बाद महिला एवं बाल विकास विभाग ने विद्युत विभाग को विद्युत विहीन आंगनबाड़ी केंद्रों की सूची सौंपी गई है। बताया जा रहा है कि इन

**खास बात**

- जिले के 925 आंगनबाड़ी केन्द्रों तक अभी नहीं पहुंच सकी बिजली



**ढाई हजार आंगनबाड़ी केंद्र**

गौरतलब है कि जिले में कुल 2 हजार 709 आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित हैं, जिसमें 422 आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन किराए के भवनों में और 176 सामुदायिक भवनों में हो रहा है। वहीं 772 आंगनबाड़ी केंद्रों के पास स्वयं का भवन भी नहीं है। इस समस्या के बीच जिले के 925 आंगनबाड़ी केन्द्रों में बचपन की शिक्षा हासिल करने आने वाले नौनिहालों सहित काम करने वाले कार्यकर्ता और सहायिकाओं को बिजली तक नसीब नहीं हो सकी है। मुख्य बात यह है कि इन आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन कई वर्षों किया जा रहा है, लेकिन यहां अब तक बिजली की सुविधा दी जा सकी है। कई बार आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं ने केन्द्रों में बिजली आपूर्ति के लिए मांग भी की है, लेकिन उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया ।

**डीएमएफ से हो रहा काम**

जानकारी के अनुसार इन आंगनबाड़ी केन्द्रों में बिजली आपूर्ति संबंधी समस्या काफी समय से बनी हुई थी। किसी केन्द्र में आंतरिक तो किसी में बाह्य कनेक्शन आदि में तकनीकी खामियों की वजह से यह स्थिति निर्मित हुई थी। फिलहाल विद्युत विहीन आंगनबाड़ी केन्द्रों में बिजली आपूर्ति के लिए डीएमएफ से विद्युत विभाग को राशि आबंटित की गई है।

**मरम्मत कराने हर साल मिलते हैं 3 हजार**

इस संबंध में विभागीय अधिकारियों की मानें तो केन्द्र सरकार की ओर प्रत्येक आंगनबाड़ी केन्द्रों के बिजली, पानी, रंगाई-पोताई सहित अन्य मरम्मत कार्यों के लिए 3 हजार रूपए आबंटित किए जाते हैं। यह राशि काफी वर्षों से नहीं बढी है। वहीं फंड में देरी की वजह से आंगनबाड़ी केंद्रों में कई तरह के काम अधूरे पड़े हुए हैं।

**सौंपी गई सूची**

जिले में 925 आंगनबाड़ी केन्द्रों में बिजली आपूर्ति कराने के लिए सीएसईबी को सूची सौंप दी गई है। फिलहाल संबंधित आंगनबाड़ी केन्द्रों में काम चल रहा है।

**एलआर कच्छप**
डीपीओ, महिला एवं बाल विकास विभाग

### ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा खाईवाल गिरफ्तार मोबाइल और नकदी जब्त

**रायगढ़।** जिले में अवैध ऑनलाइन क्रिकेट सट्टेबाजी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए साइबर और जूटमिल पुलिस की संयुक्त टीम ने कैदीमुड़ा ओवरब्रिज के पास आम गली में आईपीएल मैच के दौरान ऑनलाइन और ऑफलाइन क्रिकेट सट्टा खिलवा रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली और बेंगलुरु के बीच चल रहे आईपीएल मुकाबले में एक युवक घूम-घूमकर मोबाइल के जरिए ऑनलाइन और ऑफलाइन सट्टा संचालित कर रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने दबिश दी और आरोपी अनुराग यादव 26 साल निवासी ट्रांसपोर्ट नगर को रंगे हाथों पकड़ लिया। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ और तलाशी में आरोपी के कब्जे से सट्टा पट्टी, मोबाइल, नगद रूपए आदि बरामद किया गया। इसके अलावा मोबाइल की जांच करने पर एक आईडी के माध्यम से ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा संचालित करने के साक्ष्य भी मिले। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 6 और 7 के तहत अपराध पंजीबद्ध करते हुए गिरफ्तार कर लिया है।

## ऐन वक्त पर पहुंची पुलिस कटने से बच गई एटीएम



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

**व्यापार में नुकसान और कर्ज से परेशान वेल्डर ने बनाई थी एटीएम लूट की योजना**

पूंजीपथरा थाना क्षेत्र अंतर्गत गेरवानी चौक के समीप स्थित एटीएम में कुछ संदिग्ध युवकों को पुलिस ने रात्रि गस्त के दौरान गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से गैस कटर सहित कुछ अन्य औजार बरामद किए गए हैं। आरोपी पहले एक प्लांट में वेल्डर था, बाद में व्यापार और कर्ज से परेशान होकर उसने एटीएम लूटने की योजना बनाई थी।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सोमवार-मंगलवार की दरम्यानी रात करीब 03 बजे के पूंजीपथरा थाने से एक पेट्रोलिंग टीम गेरवानी की ओर निकली थी, इसी बीच वहां मौजूद एटीएम में संदिग्ध गतिविधियां नजर आई। जिसके बाद टीम ने मौके पर पहुंच कर आरोपियों को एटीएम से पैसों की चोरी करते रंगे हाथों पकड़ लिया। आरोपी गैस कटर से एटीएम काटने का प्रयास कर रहे थे, तभी पुलिस ने उन्हें घेराबंदी करते हुए दबोच लिया। इनमें से एक आरोपी जिसका नाम पंकज पासवान बताया जा रहा है, वह मौका देख कर भागने का प्रयास कर रहा था, लेकिन पकड़ा गया। वहीं आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त गैस कटर बरामद किए गए। पूछताछ में आरोपी पंकज पासवान पिता योगेन्द्र पासवान 29 साल निवासी ग्राम डूबरीडीह झारखंड ने बताया कि वह प्लांट में वेल्डिंग का काम करता था, ट्रांसपोर्ट व्यवसाय में नुकसान और कर्ज के दबाव के चलते उसने एटीएम से चोरी की योजना बनाई थी।

### तीन सड़क हादसे में गई चार जानें, तीन की हालत गंभीर

**अकलतरा।** अकलतरा क्षेत्र में रविवार रात एवं सोमवार सुबह तीन अलग-अलग हादसों में चार लोगों की मौत हो गई एवं तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए बिलासपुर रेफर किया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पहली घटना नेशनल हाईवे 49 की है, जहां सेन्ट्रल के दो कर्मचारी पंकज कुमार सिंह उम्र 51 वर्ष निवासी उत्तर प्रदेश एवं नितिन भास्कर उम्र 33 वर्ष निवासी महाराष्ट्र किसी कार्य से जांजगीर आए हुए थे एवं वे देर रात कार में सवार होकर रायपुर की ओर जा रहे थे। उनकी कार सरोज फ्यूल्स के पास पहुंची ही थी कि रास्ते में कोयला भरे ब्रेकडाउन होकर खड़ी ट्रक में जा घुसी। घटना इतनी जबरदस्त थी कि मौके पर ही सामने बैठे पंकज कुमार सिंह एवं नितिन भास्कर की मौत हो गई।

**अभिभावकों ने कलेक्टर से की मांग**

## एकलव्य आवासीय स्कूल में बच्चों को नहीं मिला ग्रीष्मकालीन अवकाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



बढ़ती गर्मी के बीच खरसिया के छोटे मुड़पार स्थित एकलव्य आवासीय आदर्श विद्यालय के विद्यार्थियों के अभिभावकों ने कलेक्टर से मुलाकात करते हुए बच्चों को ग्रीष्मकालीन अवकाश देने की मांग की है। अभिभावकों ने बताया कि सभी स्कूलों में शासन भीषण गर्मी की वजह से ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित कर दिया है, लेकिन खरसिया के एकलव्य स्कूल में अध्ययनरत विद्यार्थी अब भी स्कूल में ही है, उनकी छुट्टी नहीं की गई है।

कलेक्टोरेट पहुंचे अभिभावकों ने बताया के शासन ने भीषण गर्मी की वजह से 20 अप्रैल को ही शासकीय सहित निजी स्कूलों का ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित कर दिया गया है। सभी स्कूलों के बच्चे अपने-अपने घरों में हैं, लेकिन खरसिया के एकलव्य आवासीय आदर्श विद्यालय में पढ़ने वाले उनके बच्चों का अब तक ग्रीष्मकालीन अवकाश का लाभ नहीं मिल सका है। पालकों का कहना है कि वे इस बीच कई बार स्कूल गए और ग्रीष्मकालीन अवकाश देने की मांग भी की, लेकिन इसके लिए इनकार कर दिया गया। वहीं दूसरी ओर उक्त विद्यालय भवन में शीतल पेयजल तथा कूलर आदि की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने की वजह से बच्चों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। वहां दिन भर में कई बार बिजली गुल रहती है, ऐसे में भीषण गर्मी की वजह से स्कूल में बच्चों की तबीयत प्रभावित हो रही है। पालकों का कहना है कि जब शासन ने ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित कर दिया तो ऐसी स्थिति में वहां भी बच्चों को छुट्टी दे देनी चाहिए। यही वजह है कि उन्होंने जिला प्रशासन से इस संबंध में उचित पहल करने की मांग की है। पालकों ने कहा कि यदि जल्द से जल्द बच्चों को ग्रीष्मावकाश की अनुमति दी जाती है तो वे उग्र आंदोलन करेंगे।

### तीन दिवसीय कुष्ठ विकृति सुधार शल्यक्रिया शिविर का शुभारंभ

**रायगढ़।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में कुष्ठ रोग से उत्पन्न शारीरिक विकृतियों के उपचार एवं पुनर्वास हेतु किरोड़ीमल शासकीय जिला चिकित्सालय रायगढ़ में 3 दिवसीय कुष्ठ विकृति सुधार शल्यक्रिया शिविर का शुभारंभ किया गया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिजीत बबन पठारे ने शिविर का निरीक्षण किया तथा मरीजों से भेंट कर उनका हाल.चाल जाना और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत ने बताया कि शिविर के प्रथम दिवस जिले के विभिन्न विकासखण्डों के साथ.साथ अन्य जिलों से भी पहुंचे मरीजों का विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परीक्षण किया गया। जांच के उपरांत पात्र 24 मरीजों को शल्यक्रिया हेतु चिन्हित किया गया, जिनका रायपुर से आए विशेषज्ञ सर्जनों की टीम द्वारा चरणबद्ध तरीके से निःशुल्क ऑपरेशन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग से प्रभावित कई मरीजों के हाथों की उंगलियां मुड़कर पंजे जैसी टेढ़ी हो जाती हैंए जिससे उन्हें कोई वस्तु पकड़ने में कठिनाई होती है। वहीं कुछ मरीज चलते समय अपने पैर के आगे वाले हिस्से को ऊपर नहीं उठा पाते, जिससे पैर घिसटता है और गिरने का खतरा बना रहता है।

### 33 प्रतिशत आरक्षण के समर्थन में जनपद का प्रस्ताव, विपक्ष पर साधा निशाना



**रायगढ़।** जिले में महिला सशक्तिकरण को लेकर जनपद पंचायत रायगढ़ ने महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग का समर्थन करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया हैए जिसे लोकतंत्र को अधिक समावेशी और संतुलित बनाने की दिशा में अहम पहल माना जा रहा है। इस प्रस्ताव के जरिए न केवल महिलाओं के अधिकारों की वकालत की गई है, बल्कि राजनीतिक निर्णय प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया है।जनपद पंचायत द्वारा जारी ज्ञापन में संसद में आरक्षण बिल को लेकर हो रहे अवरोधों पर चिंता जताई गई है। प्रस्ताव में विपक्षी दलों पर आरोप लगाया गया है कि वे संकीर्ण राजनीतिक सोच के चलते इस महत्वपूर्ण विधेयक में बाधा डाल रहे हैंए जिससे महिलाओं को उनका हक मिलने में देरी हो रही है। जनप्रतिनिधियों ने स्पष्ट कहा कि महिलाओं को पर्याप्त प्रतिनिधित्व देना समय की मांग है और इससे समाज में लैंगिक समानता को मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुजाता चौहान ने कहा कि यह सिर्फ एक प्रस्ताव नहींए बल्कि महिलाओं के सम्मान और अधिकारों की आवाज हैए जिसे हर स्तर तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि जनपद पंचायत महिलाओं के हक की इस लड़ाई को जन.जन तक ले जाएगी और इसे एक जनआंदोलन का रूप देने का प्रयास करेगी। वहीं जनपद उपाध्यक्ष रामश्याम डनसेना ने इसे स्थानीय से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक एक मजबूत संदेश बताते हुए कहा कि इस पहल से नीति निर्माण में सकारात्मक प्रभाव पड़ने की उम्मीद है। उन्होंने विश्वास जताया कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की दिशा में यह कदम मील का पत्थर साबित हो सकता है।

### ऑनलाइन देख सकते हैं परिणाम, 21 हजार बच्चों ने दी है परीक्षा

# आठ घंटे का इंतजार, फिर आएगी खुशियों की बहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अब केवल आठ घंटे का इंतजार है, इसके बाद जिले के 21 हजार बोर्ड के परीक्षार्थियों की झोली में खुशियों की बहार आने वाली है। घड़ी की सुई जब ठीक ढाई बजने का संकेत देगी, तब बच्चों के भविष्य का पिटारा खुलेगा। प्रदेश के शिक्षा मंत्री इसका रिबन काट कर बोर्ड के परिणाम जारी करेंगे। बच्चे अपना परिणाम ऑनलाइन देख सकते हैं, इसके लिए बोर्ड की ओर से लिंक जारी किया जाएगा। इंतजार की घड़ी खत्म होने वाली है। आज ढाई बजे शिक्षा मंत्री बोर्ड परीक्षा का परिणाम जारी करेंगे। इसकी तैयारी लगभग पूरी हो गई है। जानकारी मिली है कि आज सुबह परिणाम जारी करने की तैयारी थी, लेकिन किसी कारण से दोपहर ढाई बजे का समय तय किया गया है। जिले में इस साल बोर्ड में 21 हजार 249 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिया है। जिले के 21 हजार बच्चों का इंतजार आठ घंटे बाद खत्म हो जाएगा। इसमें कक्षा 12 वीं के 9 हजार 137 और कक्षा 10 वीं के 12 हजार 112 परीक्षार्थी शामिल है।

**खास बात**

- घड़ी की सुई जब ठीक ढाई बजने का संकेत देगी, तब खुलेगा बच्चों के भविष्य का पिटारा



**पहली बार अप्रैल में रिजल्ट**

छग निर्माण के बाद अब तक माशिमं ने बोर्ड का परिणाम अप्रैल में जारी नहीं किया था। मई में ही जारी हो रहा था। पहली बार ऐसा हो रहा है कि अप्रैल में बोर्ड का परिणाम जारी हो रहा है। यह बच्चों के लिए खुशी की बात है। देरी से परिणाम जारी होने से कॉलेजों में एडमिशन के लिए दिक्कत होती थी। अब ऐसा नहीं होगा, बच्चे आसानी से एडमिशन ले सकते हैं।

**इतने परीक्षार्थियों ने दी है परीक्षा**

- कक्षा 12- 9137
- कक्षा 10- 12112

## खबर संक्षेप

### प्रभावित परिजन हेतु 8 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के दो मामलों में प्रभावित परिजनों को आरबीसी 6-4 के तहत कुल 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। मनोरा तहसील अंतर्गत ग्राम रजला निवासी स्व. रामनाथ राम का तालाब के पानी में डूबने से 07 दिसम्बर 2024 को मृत्यु हो गई थी। मृतक के निकटतम वारिस उनके पत्नी फुलमाईत बाई के लिए 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार कुनकुरी तहसील अंतर्गत ग्राम बोतनीडांड़ निवासी स्व. सुखमेत बाई का सांप के काटने से 13 जुलाई 2024 को मृत्यु हो गई थी। मृतिका के निकटतम वारिस उनके पुत्र-पुत्री लसी बाई, चिंगलो, बुधनी, चमरू, लमरू, दवसाय और कृष्णा सभी हेतु 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। जिला प्रशासन द्वारा प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवारों को त्वरित राहत पहुंचाने के लिए आर.बी.सी. 6-4 के तहत आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

### अपर कलेक्टर ने सुनी आमजन की समस्याएं

**जशपुरनगर।** अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू ने जिला कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में आम नागरिकों से सीधे रूबरू होकर उनकी समस्याएं एवं मांगों की जानकारी ली। उन्होंने प्राप्त आवेदनों का गंभीरतापूर्वक अवलोकन किया और संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अपर कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि आवेदकों को उनके आवेदन पर की गई कार्यवाही की जानकारी समय पर उपलब्ध कराई जाए, जिससे उन्हें अपनी समस्या के समाधान की स्थिति स्पष्ट रूप से ज्ञात हो सके। उन्होंने जनसुविधाओं से जुड़े प्रकरणों पर संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्रवाई करने पर जोर दिया। आज आयोजित जनदर्शन में कुल 23 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें मुख्य रूप से राजस्व प्रकरण, स्वच्छता एवं साफ-सफाई, अधोसंरचना निर्माण, आजीविका उन्नयन तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने संबंधित आवेदन शामिल थे।

### पुलिस की गाड़ी को लेकर चोर फरार

**अम्बिकापुर।** पुलिस महकमा में उस समय हड़कंप मच गया जब सत्तीपारा क्षेत्र में गांजा पकड़ने गए पुलिस की बोलेरो वाहन को ही चोरों ने पार कर दिया। सोमवार की शाम पुलिस टीम शहर के सत्तीपारा क्षेत्र में गांजा के अवैध कारोबारी की धर पकड़ करने पहुंची थी। पुलिस के अधिकारी बोलेरो वाहन को खड़ा कर संदिग्ध की तलाश में जुटे थे। इसी बीच पुलिस कर्मचारियों को पता चला की जिस बोलेरो में गए थे वह गायब है। बोलेरो वाहन की चोरी होने पर पुलिस महकमा में हड़कंप मच गया। इसी बीच पुलिस अधिकारी के वाहन में छुटे मोबाइल को ट्रेस किया गया तो मोबाइल का लोकेशन राम मंदिर रोड़ बताया। जिस पर पुलिस टीम तत्काल राम मंदिर रोड पहुंची और न सिर्फ बोलेरो वाहन को बरामद किया बल्कि एक युवक को वाहन के चाबी के साथ पकड़ा। बोलेरो वाहन के मिल जाने पर पुलिस ने राहत की सांस ली। इधर अब कोतवाली पुलिस पकड़े गए युवक के विरुद्ध अपराध दर्ज करने की तैयारी में जुट गई है।

### बिजली बिल भुगतान समाधान योजना से मिली राहत

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना-2026 आर्थिक रूप से कमजोर उपभोक्ताओं के लिए बड़ी राहत बनकर सामने आ रही है। इस योजना के माध्यम से बकाया बिजली बिल से परेशान लोगों को छूट और आसान किस्तों की सुविधा मिल रही है। दुलदुला विकासखंड के ग्राम कोरना निवासी श्रीमती निरमनी बाई का परिवार भी बढ़ते बिजली बिल से परेशान था। सीमित आय के कारण वे समय पर बिल का भुगतान नहीं कर पा रहे थे, जिससे बकाया राशि लगातार बढ़ती जा रही थी।

## विधायक रायमुनी भगत ने कांग्रेस पर बोला तीखा हमला

# भाजपा नेत्रियों ने निकाली विपक्ष के खिलाफ आक्रोश रैली, किया पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

नारी शक्ति वंदन अधिनियम का लोकसभा में विरोध किए जाने तथा विधेयक को पारित होने से रोकने के विपक्षी प्रयासों के खिलाफ प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार भाजपा महिला मोर्चा द्वारा जिला भाजपा कार्यालय में महिला आक्रोश सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन के उपरांत महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने आक्रोश रैली निकालते हुए बस स्टैंड पहुंचकर पुतला दहन किया और कांग्रेस के विरोध में जमकर नारेबाजी की।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए विधायक रायमुनी भगत ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस ने दशकों तक महिलाओं को केवल वोट बैंक की तरह इस्तेमाल किया, लेकिन जब संसद और विधानसभाओं में उन्हें उचित प्रतिनिधित्व देने का समय आया तो कांग्रेस ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध कर अपना असली महिला विरोधी चेहरा उजागर कर दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और स्वाभिमान के लिए ऐतिहासिक कार्य कर रही है। उज्ज्वला योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मातृत्व वंदना योजना तथा अब महिला आरक्षण कानून इसके प्रमाण हैं। रायमुनी भगत ने कहा, जो दल वर्षों तक महिला आरक्षण को केवल चुनावी मुद्दा बनाकर रखे रहे, वे आज संसद में इसका विरोध कर रहे हैं। कांग्रेस को देश की महिलाओं से माफी मांगनी चाहिए। देश की मातृशक्ति अब कांग्रेस के छलावे में नहीं आने वाली। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने महिलाओं को केवल वादे नहीं, बल्कि अधिकार दिए हैं और कांग्रेस को महिलाओं की प्रगति कभी स्वीकार नहीं हुई।






### महिलाओं की भागीदारी से कांग्रेस भयभीत

महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष पिंकी गुप्ता ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण का ऐतिहासिक दस्तावेज है। इसका विरोध करने वाले दल महिलाओं के नेतृत्व और भागीदारी से भयभीत हैं। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रजनी प्रधान ने कहा कि कांग्रेस हमेशा महिला हितैषी होने का दावा करती है, लेकिन उसके कार्य और विचार इसके विपरीत हैं। महिला आरक्षण का विरोध इसका प्रमाण है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष शांति भगत ने कहा कि देश और प्रदेश की महिलाएं अब जागरूक हैं तथा अपने सम्मान के खिलाफ उठने वाली हर आवाज का लोकतांत्रिक जवाब देंगी।

### इनकी रही उपस्थिति

सम्मेलन एवं पुतला दहन कार्यक्रम में मुख्य रूप से नपा अध्यक्ष अरविंद भगत, डीडीसी अनिता सिंह, रीना बरला, सुरुचि पैंकरा, सावित्री निकुंज, संतोष सिंह, संतोषी बंदे, लक्ष्मी देवी, आशु राय, शकीला कंवर, सुषमा सिंह, अनिता पैंकरा, सावित्री सिंह, सलमा भगत, आरती सिंह, सविता गुप्ता, मेनका बेसरा, अहिल्या यादव, भारती भगत, देवंती पैंकरा, भुनेश्वरी बेहरा, रस्मिता तुरी, मीरा पोर्ते, सविता चौहान, राहुल गुप्ता, हेमती यादव, उर्मिला पटेल सहित महिला मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## डीडीसी पहुंचे दूरस्थ गांव भड़िया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- गांव में चौपाल लगाकर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

जिले के दूरस्थ ग्राम भड़िया में जिला पंचायत सदस्य (डीडीसी) गेंदबिहारी सिंह ग्रामीणों के बीच पहुंचे। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं और जरूरतों को विस्तार से सुना। ग्रामीणों ने घघिया नाले पर पुल निर्माण की प्रमुख मांग रखी। उन्होंने बताया कि पुल नहीं होने के कारण बारिश के मौसम में ग्राम पंचायत भड़िया का एक हिस्सा पूरी तरह टापू बन जाता है, जिससे आवागमन बाधित होता है। नदी में उफान के चलते स्कूली बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित होती है।

इसके अलावा ग्रामीणों ने भड़िया से दरावघाघ वॉटरफॉल तक पहुंच मार्ग के निर्माण की मांग की, ताकि क्षेत्र में आवागमन और पर्यटन को बढ़ावा मिल सके। साथ ही डेयरी उत्पादों के विक्रय के लिए गांव में दुग्ध संग्रहण केंद्र खोलने की भी मांग रखी गई। जिला पंचायत सदस्य गेंदबिहारी सिंह ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा की प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश और जिले का विकास लगातार हो रहा है, जिले में पिछले दो सालों में हुए विकास कार्यो ने जिले की तस्वीर बदल दी है। डीडीसी गेंदबिहारी सिंह ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि वे संबंधित विभागों के अधिकारियों से चर्चा कर सभी समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे।

इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला सोसल मीडिया प्रभारी अशोक कुमार यादव, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष जयशंकर यादव, भाजयुमो पंडरापाठ मंडल अध्यक्ष नन्दकुमार यादव, ग्राम पंचायत भड़िया के सरपंच फूल साय नागेश, प्रहलाद यादव, श्यामलाल यादव एवं सैकडों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## रामबाई ने जनदर्शन में की पीएम आवास की किस्त और पेंशन की मांग



**रायगढ़।** जनदर्शन में विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी समस्याएं, मांगें एवं शिकायतें प्रशासन के समक्ष रखी। जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बबन पठारे ने आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को नियमानुसार जांच कर शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जनदर्शन में ग्राम गुडु निवासी ललित कुमार द्वारा मछली पालन के लिए तालाब ठेका देने की मांग की। जिस पर संबंधित विभाग को नियमानुसार परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। ग्राम कोतरा की श्रीमती रामबाई ने प्रधानमंत्री आवास योजना की तृतीय किस्त एवं लंबित वृद्धा पेंशन राशि देने की मांग की। उन्होंने बताया कि पूर्व में प्राप्त दो किस्तों से निर्माण कार्य प्रगति पर हैए किंतु अंतिम किस्त लंबित होने से मकान अधूरा है। साथ ही चार माह से पेंशन नहीं मिलने से काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इस पर संबंधित विभाग को प्राथमिकता से निराकरण के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में कोतरा रोड चुनाभट्ठी निवासी तेरस श्रीवास ने अपनी पुत्री के जन्म प्रमाण.पत्र में नाम संबंधी त्रुटि सुधार हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग को शीघ्र सुधार प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। ग्राम पंचायत धनागर के ग्रामीणों ने धनागर भूपदेवपुर मार्ग पर प्रवेश द्वार निर्माण की मांग रखी। वहीं वार्ड क्रमांक 43 के पार्षद विष्णुचरण पटेल द्वारा बरमुड़ा स्थित शासकीय भूमि नाला को अतिक्रमण से मुक्त कराने एवं मरम्मत कराने का मांग की गई है। जांच उपरांत आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। विकासखंड लैलूंगा के ग्राम खम्हार से प्राप्त आवेदन में बिजली के खंभों में केबल तार लगाने की मांग की गई। इसके अतिरिक्त जनदर्शन में राशन कार्डए पेंशन सहित अन्य समस्याओं के भी आवेदन प्राप्त हुए। सीईओ जिला पंचायत अभिजीत बबन पठारे ने सभी प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निराकृत करने के निर्देश देते हुए कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## सुरक्षित रखें एसईआईडीए, 1 मई से घर-घर पहुंचेंगे प्रगणक, करेंगे सत्यापन

- डेटा रहेगा पूरी तरह गोपनीय, संशोधन की सुविधा और सहायता के लिए टोल फ्री नंबर

**रायगढ़।** जनगणना 2027 के अंतर्गत जिले में स्व.गणना की प्रक्रिया 30 अप्रैल तक संचालित की जा रही है। लोग आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से घर बैठे आसानी से अपना एवं अपने परिवार का विवरण ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। इस डिजिटल प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए सही एवं पूर्ण जानकारी दर्ज करें, ताकि इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य को सफल बनाया जा सके। अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी ने बताया कि स्व.गणना की सुविधा प्रतिदिन सुबह 6 बजे से रात 12 बजे तक उपलब्ध है। फॉर्म भरते समय जानकारी को अंतिम सबमिट करने से पूर्व संशोधित किया जा सकता हैए किन्तु फाइनल सबमिट के बाद उसमें कोई परिवर्तन संभव नहीं होगा। फॉर्म सबमिट करने के पश्चात प्रत्येक परिवार को एक विशिष्ट प्राप्त होगी, जो एच से प्रारंभ होने वाली 11 अंकों की संख्या कुल 12 कैरेक्टर होती है। इस आईडी को सुरक्षित रखना अनिवार्य है, क्योंकि प्रगणक के आगमन पर इसी के आधार पर सत्यापन किया जाएगा।

### दो चरणों में होगी जनगणना

जनगणना दो चरणों में होगी। प्रथम चरण में 1 से 30 मई तक मकान सूचीकरण एवं गणना का कार्य किया जाएगा। इस दौरान प्रगणक घर घर जाकर मोबाइल एप के माध्यम से दर्ज जानकारी का सत्यापन करेंगे। यदि कोई नागरिक 30 अप्रैल तक स्व.गणना नहीं कर पाता है तो प्रगणक उनके घर पहुंचकर जानकारी संकलित करेंगे। स्व गणना प्रक्रिया के अंतर्गत नागरिकों को पोर्टल पर राज्य चयनए मोबाइल नंबर के माध्यम से ओटीपी सत्यापन, भाषा चयन तथा परिवार एवं मकान संबंधी जानकारी भरकर फॉर्म सबमिट करना होगा। जिसके पश्चात उन्हें एसईआईडी प्राप्त होगी। फॉर्म को ड्राफ्ट में सेव करने तथा अंतिम तिथि से पहले संशोधन करने की सुविधा भी उपलब्ध है। नागरिकों द्वारा प्रदान की गई सभी जानकारी पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।

## परंपरागत छोड़ की फूलों की खेती कम लागत में मिला ज्यादा मुनाफा



**रायगढ़।** लैलूंगा ब्लॉक के ग्राम गमेकेरा निवासी किसान ईश्वरचरण पैकरा ने राष्ट्रीय बागवानी मिशन से फूलों की खेती अपनाकर अपनी आमदनी में उल्लेखनीय वृद्धि की है। किसान की सफलता आज सबके लिए प्रेरणा का स्रोत बन रही है। श्री पैकरा पहले परंपरागत रूप से धान की खेती किया करते थेए जिसमें मेहनत के मुकाबले आय सीमित थी। उन्होंने उद्यानिकी विभाग की मार्गदर्शन में 0.400 हेक्टेयर भूमि पर गेंदा फूल की खेती शुरू की।

विभाग द्वारा तकनीकी सहयोग एवं आवश्यक मार्गदर्शन मिलने से उन्होंने वैज्ञानिक पद्धति से खेती कीए जिसका परिणाम बेहद सकारात्मक रहा। जहां पहले धान की खेती से उन्हें लगभग 11 क्विंटल उत्पादन और सीमित आय होती थी, वहीं फूलों की खेती से उन्हें करीब 38 क्विंटल उत्पादन प्राप्त हुआ। इस उत्पादन से उनकी कुल आमदनी लगभग 3 लाख 4 हजार रुपये तक पहुंच गई। लागत निकालने के बाद उन्हें लगभग 2 लाख 59 हजार रुपए का शुद्ध लाभ प्राप्त हुआए जो पारंपरिक खेती की तुलना में कई गुना अधिक है।

## श्री बालाजी मेट्रो हॉस्पिटल में अब बिना चीर-फाड़ होगी हृदय की जांच



हेल्थ प्लस

**रायगढ़।** हृदय रोगियों के लिए एक बड़ी राहत की खबर है। अब दिल की नसों में ब्लॉकेज का पता लगाने के लिए मरीजों को बड़े शहरों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। स्थानीय श्री बालाजी मेट्रो हॉस्पिटल के हृदय रोग विभाग में अ त या धु नि क श्सीटी कोरोनरी एंजियोग्राफीश की सुविधा शुरू हो गई है। बिना सुई और बिना दर्द की प्रक्रिया वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ अलेक्जेंडर विलियम नंदा ने बताया कि यह एक आधुनिक तकनीक है जिसमें सीटी मशीन के माध्यम से हृदय की नसों की बारीकी से जाँच की जाती है। इस प्रक्रिया की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें किसी भी प्रकार का चीर.फाड़ या सुई ;इंजेक्शनद्ध की आवश्यकता नहीं होती। यह पूरी तरह से दर्द रहित प्रक्रिया है और इसमें मरीज को अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत भी नहीं पड़ती। ओपीडी में ही होगी जाँचए समय की होगी बचत अस्पताल प्रबंधन के अनुसारए यह जाँच ओपीडी ;व्व्कद्ध स्तर पर ही कुछ ही समय में पूरी हो जाती हैए जिससे मरीजों के कीमती समय और संसाधनों की बचत होती है। पहले इस तरह की जाँच के लिए मरीजों को महानगरों की ओर रुख करना पड़ता था,लेकिन अब रायगढ़ में ही यह विश्वस्तरीय सुविधा उपलब्ध है।

### आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं का लक्ष्य

इस नई उपलब्धि पर 'श्री बालाजी मेट्रो हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ प्रकाश मिश्रा ने हृदय रोग विभाग की टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि अस्पताल का लक्ष्य क्षेत्र के लोगों को न्यूनतम समय में सटीक और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना है। सीटी एंजियोग्राफी की शुरुआत स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## खाद बीज व्यापारियों ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



**पुसौर।** खाद बीज और कीटनाशक व्यापारियों की समस्याओं के निराकरण को लेकर रायगढ़ जिला इनपुट डीलर एसोसिएशन ने सोमवार को उप संचालक कृषि के माध्यम से राज्य सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर जिले के सभी खाद दवा बीज विक्रय प्रतिष्ठान बंद रखकर व्यापारियों ने एक दिवसीय हड़ताल की और केंद्र राज्य को ध्यान आकर्षित कराया।

एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि खाद बीज व कीटनाशक व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर राष्ट्रीय स्तर के व्यापारी संगठन कई बार केंद्र व राज्य सरकार का ध्यान आकर्षित कर चुके हैं। इसके बावजूद कोई ठोस निराकरण नहीं होने के कारण राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर आज पूरे जिले में दुकानें बंद रखकर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में प्रमुख रूप से उर्वरक विक्रेताओं का मार्जिन मौजूदा डेढ़ प्रतिशत से बढ़ाकर 8 प्रतिशत करने की मांग की गई है। व्यापारियों का कहना है कि मौजूदा मार्जिन में दुकान का किराया, बिजली, कर्मचारी वेतन और अन्य खर्च निकालना मुश्किल हो रहा है। इसके अलावा केंद्र सरकार की नीति के अनुरूप रिटेलर व्यापारियों के गोदाम तक उर्वरकों की पहुंच उपलब्ध कराने की मांग भी रखी गई। एसोसिएशन ने कहा कि परिवहन लागत व्यापारियों को खुद वहन करनी पड़ती है जिससे लागत बढ़ जाती है। व्यापारियों ने ज्ञापन में यह भी मांग की कि खाद बीज व कीटनाशक के सैंपल फेल होने पर निर्माता एवं उत्पादक कंपनी के विरुद्ध कार्रवाई की जाए न कि केवल विक्रेता के खिलाफ।

## प्रबंध संचालक ने पीएमईजीपी-सीएमईजीपी इकाइयों का किया निरीक्षण

# खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की योजनाओं से बदल रही ग्रामीण तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- रोजगार सृजन और आर्थिक सुदृढ़ता पर मिला सकारात्मक फीडबैक

छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की प्रबंध संचालक रीता यादव ने जशपुर जिले का दौरा कर विभागीय योजनाओं के तहत संचालित इकाइयों का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम(पीएमईजीपी) एवं मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (सीएमईजीपी) से लाभान्वित हितग्राहियों के कार्यस्थलों पर पहुंचकर योजनाओं के क्रियान्वयन और उनके प्रभाव का प्रत्यक्ष अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान श्रीमती यादव ने कुनकुरी स्थित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत स्थापित मेसर्स बोकारो टायर वर्क्स एवं रिमोल्ड सेंटर का अवलोकन किया। जहां संचालक मो. कलिम अंसारी द्वारा इकाई के संचालन, रोजगार सृजन तथा जीवन स्तर में आए सुधार की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि योजना के माध्यम से उन्हें आर्थिक मजबूती मिली है और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित हुए हैं। इसके पश्चात ग्राम पंडरीपानी में संचालित फ्लाई ऐश ब्रिक्स यूनिट का निरीक्षण किया गया, जिसका संचालन श्रीमती रेखा चौबे द्वारा किया जा रहा है। संचालक श्री विशाल चौबे ने बताया कि उन्होंने बैंक ऋण का पूर्ण भुगतान कर दिया है तथा अनुदान का लाभ भी प्राप्त हुआ है। वर्तमान में इस इकाई के माध्यम से लगभग 15 लोगों को रोजगार मिल रहा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को बल मिला है। प्रबंध संचालक श्रीमती यादव ने दुलदुला चौक पतराटोली स्थित मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत संचालित यदुवंशी रेस्टोरेंट का भी निरीक्षण किया। संचालक श्रीमती कौशल्या यादव ने बताया कि रेस्टोरेंट का संचालन सफलतापूर्वक किया जा रहा है और इससे उन्हें नियमित आय प्राप्त हो रही है। उन्होंने राज्य सरकार की इस योजना की सराहना करते हुए इसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने वाला महत्वपूर्ण माध्यम बताया। इसी क्रम में पतराटोली स्थित हॉलर मिल का भी अवलोकन किया गया, जहां स्थानीय स्तर पर उत्पादन एवं रोजगार की संभावनाओं का आकलन किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रबंध संचालक श्रीमती रीता यादव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक जरूरतमंद व्यक्तियों के ऋण प्रकरण तैयार किए जाएं तथा परंपरागत व्यवसाय से जुड़े लोगों को विभागीय योजनाओं से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जाए। उन्होंने उप संचालक ग्रामोद्योग श्री विवेक कुमार गुप्ता को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और व्यापक लाभ सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए।



## समय पर हुआ पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

- साढ़े 13 हजार विद्यार्थियों को वितरित की गई 13 करोड

छत्तीसगढ़ में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे अनुसूचित जाति.एससी, अनुसूचित जनजाति एसटी एवं अन्य पिछड़ा वर्ग.ओबीसी के विद्यार्थियों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अब नई गति और पारदर्शिता के साथ लागू हो रही है।

जिले में इस योजना के उत्कृष्ट क्रियान्वयन के परिणामस्वरूप हजारों विद्यार्थियों को समय पर छात्रवृत्ति का लाभ मिला है। अनुसूचित जाति के 2,261 विद्यार्थियों को 2 करोड़ 50 लाख 26 हजार 314 रुपए, अनुसूचित जनजाति के 4 हजार 309 विद्यार्थियों को 4 करोड़ 49 लाख 77 हजार 593 रुपए तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के 6 हजार 904 विद्यार्थियों को 6 करोड़ 5 लाख 53 हजार 292 रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इस प्रकार कुल 13,475 विद्यार्थियों को 13 करोड़ 5 लाख 57 हजार 199 रुपए की छात्रवृत्ति राशि प्रदान की गई है। समय पर छात्रवृत्ति मिलने से विद्यार्थियों को फीसए अध्ययन सामग्री एवं अन्य आवश्यकताओं के लिए अब किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ रहा है। इससे उनके आत्मविश्वास में वृद्धि हुई है और वे अपने शैक्षणिक लक्ष्यों की ओर अधिक एकाग्रता से अग्रसर हैं।



# गवर्नर से सामने आई मनोज की झलक...

**मुंबई।** फिल्म गवर्नर से एक्टर मनोज बाजपेयी की एक इलक सामने आई है। इस फिल्म का पोस्टर चर्चा का विषय बना हुआ है। इन पोस्टर्स में मनोज बाजपेयी गर्वनर के गंभीर किरदार में नजर आ रहे हैं। उनके कंधों पर देश को एक बड़े आर्थिक संकट से बचाने की जिम्मेदारी भी है। पहले पोस्टर में वो एंबेसडर कार में चिंतित बैठे नजर आ रहे हैं। इस पर लिखा है, 'देश कगार पर था और उसने इस मुसीबत को आते देखा।' दूसरे पोस्टर में मनोज कुछ सोचते हुए नजर आए और इस पर लिखा है, 'देश दिवालिया होने की कगार पर है।

## लाइफ Style

# नीतू

## अच्छी फिल्मों की तलाश में



बिहार की एक सीधी-सादी लड़की से हॉलीवुड तक का सफर करने वाली अभिनेत्री नीतू चंद्रा को अब अच्छी फिल्मों की तलाश है। उन्होंने फिल्मों से ब्रेक लेने की अफवाहों को खारिज करते हुए कहा है कि वे अच्छी फिल्मों की तलाश में हैं और इसमें समय लगता है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई


'गरम मसाला', 'ट्रैफिक सिग्नल' और 'ओए लकी! लकी ओए!' जैसी फिल्मों में काम कर चुकीं अभिनेत्री नीतू चंद्रा ने बताया कि उनका ध्यान हमेशा सार्थक काम पर रहा है, न कि स्टारडम की दूसरी चकाचौंध और 'अनावश्यक' बाहरी दिखावे पर। अपने ब्रेक लेने की धारणा पर बात करते हुए उन्होंने साफ किया, मैंने कोई ब्रेक नहीं लिया। मैं अच्छी फिल्मों की तलाश करती रहती हूं। उन्होंने आगे कहा, आप यह नहीं समझते कि बिहार से आई एक लड़की को, जो बिल्कुल साधारण बैकग्राउंड से आती है, हॉलीवुड तक पहुंचने में कितना समय लगा होगा। अपने सफर के बारे में नीतू चंद्रा ने कहा, आज मैं फिर उसी जगह खड़ी हूं, जहां मैं आप सबसे दोबारा मिल पा रही हूं। मेरे पास 'एयरपोर्ट लुक्स' के लिए समय नहीं है। मेरे पास अपने अगले प्रोजेक्ट पर ध्यान देने का समय है। मैं सही काम चुनने में अपना समय लगाती हूं, ताकि मैं दर्शकों के लिए हमेशा कुछ सार्थक ला सकूं। एक्ट्रेस ने कहा कि जिंदगी में और काम के मामले में उनका मकसद हमेशा साफ रहा है। उन्होंने कहा, मेरी जिंदगी का मकसद, मेरा लक्ष्य, हमेशा अच्छा काम करते रहना और दर्शकों का प्यार पाते रहना रहा है।

## हॉलीवुड मसाला



# रिहैब में भर्ती हुईं ब्रिटनी...

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड स्टार ब्रिटनी स्पीयर्स रिहैब में भर्ती हुई हैं। पुलिस के अनुसार वेंटुरा में ब्रिटनी को तेज रफ्तार और लापरवाही से गाड़ी चलाने के आरोप में रोका गया था। इस ट्रैफिक उल्लंघन के बाद उनकी मानसिक स्थिति और सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गई थीं। यह घटना उस समय हुई है, जब ब्रिटनी अपनी निजी जिंदगी और परिवार से जुड़े कई गंभीर विवादों और मुश्किलों का सामना कर रही हैं। माना जा रहा है कि इन्हीं मानसिक तनावों और पारिवारिक उलझनों के कारण उन्होंने पेशेवर मदद लेने और पुनर्वास केंद्र जाने का फैसला किया है।




# टेलर और ट्रैविस जुलाई में करेंगे मैरिज ...

**लॉस एंजेलिस।** पॉप गायिका टेलर स्विफ्ट मंगेतर ट्रैविस केल्स ने अपनी शादी को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। पहले चर्चा थी कि गायिका 13 जून को शादी करेंगी क्योंकि यह उनका लकी नंबर है, लेकिन अब तारीख बदल गई है। खबर के मुताबिक, टेलर और ट्रैविस ने अपनी शादी के लिए 3 जुलाई की तारीख चुनी है। फिलहाल तो वेन्यू को गुप्त रखा गया है, लेकिन कहा जा रहा है कि शादी समारोह न्यूयॉर्क में संपन्न हो सकता है। यह भी माना जा रहा था कि शादी के लिए गायिका ने रोड आइलैंड स्थित आलीशान होटल चुना है। शादी में शामिल होने वाले मेहमानों से पहले ही नॉन-डिस्क्लोजर एग्रीमेंट साइन कराया गया है। यह कदम इसलिए उठाया गया है, ताकि शादी से जुड़ी कोई भी जानकारी बाहर न आ सके।



# हिंदी के लिए साई ने मांगी माफी...

**मुंबई।** साई पल्लवी आमिर खान के बेटे जुनैद खान के साथ 'एक दिन' फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू को तैयार हैं। रिलीज से पहले फिल्म को लेकर एक इवेंट हुआ, जिसमें आमिर खान समेत फिल्म की कास्ट भी मौजूद रही। इस इवेंट में साई पल्लवी भी पहुंचीं, जहां उन्होंने इमोशनल स्पीच दिया। इस दौरान साई ने अपनी कमजोर हिंदी के लिए माफी मांगते हुए कहा कि वह उत्साहित होने के साथ-साथ थोड़ी घबराई हुई भी हैं। कार्यक्रम के दौरान जब साई पल्लवी को मंच पर बोलने के लिए बुलाया गया, तो एक्ट्रेस ने हिंदी पर अपनी सीमित पकड़ के लिए माफी मांगी। साथ ही उन्होंने वहां मौजूद लोगों को आगाह किया कि बोलते समय उनसे ग्रामेटिकल मिस्टेक हो सकती है। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए साई ने स्वीकार किया कि उन्होंने हिंदी में बोलने की तैयारी नहीं की थी।



# 'इंस्पेक्टर अविनाश-2' का टीजर रिलीज

**मुंबई।** रणदीप हुड्डा की सीरीज 'इंस्पेक्टर अविनाश' के दूसरे सीजन का ऐलान हो गया है। सीरीज की पहली झलक यानी टीजर रिलीज हो गया है और रणदीप हुड्डा हमेशा की तरह भौकाली अंदाज में नजर आ रहे हैं। उर्वशी रौतेला उनकी पत्नी बनी हैं। 'इंस्पेक्टर अविनाश' का दूसरा सीजन जल्द ही जियोहॉटस्टार पर प्रीमियर होने वाला है। जियो स्टूडियोज, नीरज पाठक और कृष्ण चौधरी का बनाया यह शो 1990 के दशक के उत्तर प्रदेश के बैकग्राउंड पर आधारित है। यह नया सीजन 'इंस्पेक्टर अविनाश' मिश्रा के जीवन के एक और भी गहरे और नए चैप्टर में उतरता है, एक ऐसा पुलिस अधिकारी, जिसने कभी व्यवस्था को चुनौती दी थी। इस सीरीज में उर्वशी रौतेला, अमित सियाल, अभिमन्यु सिंह, रजनीश दुग्गल, शालिन भनोट और फ्रेडी दारूवाला भी नजर आएंगे।

## टीवी मसाला

# सौतेले बेटे की जासूसी करने निकली तुलसी

**मुंबई।** चर्चित सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' के दूसरे सीजन में लोगों की शादियां टूटने का सिलसिला थम नहीं रहा है। इस सीरियल में या तो किसी का तलाक हो रहा होता है, या किसी की दूसरी शादी कराने की कोशिशें चल रही होती हैं। तुलसी और मिहिर का तलाक हो ही चुका है। अब



परिवार के सदस्य दोनों की दोबारा शादी की प्लानिंग कर रहे हैं। इस बीच एक और आदर्श जोड़ी के रिश्ते में दूरियां आ गई हैं। तुलसी और मिहिर के बाद विरानी परिवार में करण और नंदिनी को आदर्श जोड़ी के रूप में देखा जाता रहा है। मगर, लगता है कि करण भी अपने पिता के नक्शे-कदम पर चल पड़ा है। मिहिर का शादी से बाहर अफेयर रहा है। अब फिलहाल इस सीरियल में दिखाई जा रही कहानी के हिसाब से करण भी अपनी पत्नी नंदिनी को धोखा दे रहा है। पिछले एपिसोड में देखा गया कि नंदिनी ने करण को दूसरी महिला के साथ रंगे हाथों पकड़ लिया। उसने घरवालों को यह बात बताई तो किसी ने नहीं माना। बाद में तुलसी ने खुद पता लगाने का फैसला लिया, वह करण के फ्लैट पर पहुंची तो करण ने यहां भी चालाकी से सच छिपा लिया।

# हैदराबादी लहजा सीखने के लिए कर रहीं घंटों प्रैक्टिस



**चेन्नई।** दिनों नई वेब सीरीज 'गली' में अपने किरदार के लिए हैदराबाद की खास बोली और लहजे को सीखने पर काम कर रही है। अपने किरदार की तैयारी को लेकर हंसिका मोटवानी ने कहा, 'मुझे इस किरदार के लिए डायलॉग्स बोलने के तरीके पर सबसे ज्यादा काम करना पड़ा। सीरीज की कहानी हैदराबाद के पुराने शहर और चारमीनार इलाके के आसपास की दुनिया को दिखाती है, इसलिए मेरे लिए वहां की बोली को सही तरीके से समझना बेहद जरूरी था। मैं चाहती हूं कि मेरे डायलॉग्स बिल्कुल असली लगें और दर्शकों को ऐसा महसूस हो कि मेरा किरदार उसी माहौल का हिस्सा है।' हंसिका ने कहा, मैंने किसी डायलॉग ट्रेनर की मदद नहीं ली। मैंने खुद मेहनत करके अपनी तैयारी की। हालांकि, पूरी टीम साथ बैठकर कई बार वर्कशॉप करती थी, ताकि हर डायलॉग और हर शब्द सही तरीके से बोला जा सके। टीम के साथ बैठकर बार-बार डायलॉग्स पढ़ने और बोलने से मुझे काफी मदद मिली। इससे भाषा की बारीकियों को समझने का मौका मिला।' हंसिका ने कहा, यह अनुभव मेरे लिए बिल्कुल नया था। मैंने पहले कभी इस तरह की बोली या लहजे में काम नहीं किया। यही वजह थी कि शुरुआत में मुझे काफी प्रैक्टिस करनी पड़ी। किसी खास बोली में अभिनय करना आसान नहीं होता, क्योंकि अगर एक छोटा सा शब्द भी गलत बोल दिया जाए तो वह तुरंत लोगों को महसूस हो जाता है। छोटी सी गलती भी दर्शकों के तुरंत पकड़ में आ जाती है, इसलिए मैं हर शब्द के उच्चारण और बोलने के अंदाज को लेकर बहुत सावधान रहती थी।

# मेहरीन ने हिमाचल प्रदेश में रचाई शादी

**मुंबई।** अभिनेत्री महरीन पीरजादा अब शादीशुदा हैं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर अर्श औलख के साथ शादी की की तस्वीरें शेयर करते हुए खुशखबरी सुनाई है। महरीन ने हिमाचल प्रदेश के चैल के खूबसूरत पहाड़ों के बीच आयोजित अपनी शादी समारोह की कई मनमोहक तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने पोस्ट को कैप्शन दिया, '26.04.26 अनंत, लाल दिल और बुरी नजर वाले इमोजी।' महरीन और अर्श दोनों ने बेबी पिंक रंग की पारंपरिक ड्रेस पहनी हुई थी।



उनकी शादी की तस्वीरें यहां देखें। मेहरीन द्वारा अपनी शादी की तस्वीरें पोस्ट करने के कुछ ही समय बाद, फिल्म जगत के सदस्यों सहित कई नेटिज़न्स ने कमेंट सेक्शन में अपनी शुभकामनाएं दीं। फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप ने लिखा, 'मुबारक।' अभिनेत्री हंसिका ने लिखा, 'बधाई हो।' वहीं, काम के मोर्चे पर, मेहरीन तेलुगु और तमिल फिल्मों में अपनी भूमिकाओं के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने तेलुगु फिल्म कृष्णा गादी वीरा प्रेमा गाथा (2016) से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की और तब से कई अन्य फिल्मों में काम कर चुकी हैं।

# मनोज संग स्क्रीन शेयर करते आएंगी नजर

अभिनेत्री अदा शर्मा आने वाली फिल्म 'गवर्नर' में अभिनेता मनोज बाजपेयी के साथ काम को लेकर खुश हैं। वे इस फिल्म में मनोज बाजपेयी के साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। उन्होंने कहा कि वह उनके साथ काम करके बहुत खुश हैं। इसके साथ ही, अभिनेत्री ने मनोज बाजपेयी की खूब प्रशंसा की।



**मुंबई।** मनोज बाजपेयी के साथ पहली बार काम करने के बारे में अदा शर्मा ने कहा, वह (बाजपेयी) इस फिल्म का चेहरा हैं। वह 'गवर्नर' में गवर्नर का रोल निभा रहे हैं। फिल्म में अपने किरदार के बारे में अदा शर्मा ने कहा, मैं उनके साथ स्क्रीन शेयर करके बहुत खुश हूं। हमारे डायरेक्टर चिन्मय मंडलेकर बहुत अच्छे हैं, जो खुद भी एक शानदार एक्टर हैं। मेरे किरदार में भी एक अच्छा सरप्राइज है और यह कुछ ऐसा है जो मैंने पहले कभी नहीं किया। चिन्मय मंडलेकर की ओर से निर्देशित इस फिल्म को सनशाइन पिक्चर्स ने प्रस्तुत किया है। विपुल अमृतलाल शाह फिल्म के प्रोड्यूसर हैं और को-प्रोड्यूसर आसीन ए. शाह हैं। इसकी कहानी सुवेंदु भट्टाचार्य, सौरभ भारत, रवि असरानी और विपुल अमृतलाल शाह ने लिखी है। यह फिल्म 12 जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।


## स्पोर्ट्स से लेकर हॉरर और एनिमेटिड कॉमेडी का लगेगा तड़का

# मजेदार होगा वीक एंड, ओटीटी पर स्ट्रीम होगी धमाकेदार सीरीज

***मुंबई।*** *सिनेमाघरों में 'धुरंधर 2' की चमक कम नहीं हो रही है। 'भूत बंगला', 'माइकल' और 'गिन्नी वेड्स सनी 2' जैसी फिल्में भी लगी हुई हैं। इसके अलावा आगामी 1 मई को जुनैद खान और साई पल्लवी की 'एक दिन' भी दस्तक देगी। मगर, इसके बीच ओटीटी पर इस वीक कई रोचक फिल्में और सीरीज रिलीज होने जा रही हैं।*

**ग्लोरी :** अगर आपको स्पोर्ट्स पर आधारित कंटेंट पसंद है तो इस वेब सीरीज को इस वीक देख सकते हैं। इसमें पुलकित सम्राट, दिव्येंदु, सुविंदर विक्की, जन्नत जुबैर, सयानी गुप्ता और आशुतोष राणा अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। सीरीज 1 मई को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी, जो बॉक्सिंग की पृष्ठभूमि पर आधारित है। यह क्राइम ड्रामा सीरीज है, जिसका निर्देशन करण अंशुमन और कनिष्क वर्मा ने किया है।

**स्वैप्ड :** यह एक अमेरिकी एनिमेटिड कॉमेडी फिल्म है। वीकएंड पर अगर बच्चों के साथ कुछ बढ़िया देखने का मन है तो इस फिल्म को अपनी लिस्ट में जोड़ सकते हैं। इसका निर्देशन नाथन ग्रेनो ने किया है। स्काईडांस एनिमेशन द्वारा निर्मित इस फिल्म में माइकल बी जॉर्डन, जूनो टेम्पल, ट्रेसी मॉर्गन, सेड्रिक द एंटरटेनर और जस्टिना मचाडो ने अपनी आवाजें दी हैं। यह



1 मई को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

**'राकासा':** अगर आपको हॉरर फिल्में पसंद हैं तो यह फिल्म आपके लिए है। संगीत शोभन और नयन सारिका अभिनीत तेलुगु फिल्म 'राकासा' 3 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई और खूब तारीफ बटोरीं। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छा प्रदर्शन किया। इसका निर्देशन मानसा शर्मा ने किया। अब यह ओटीटी पर आ रही है। 'राकासा' 1 मई को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। फिल्म तमिल, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में उपलब्ध है।

**माय डियरेस्ट सेनोरीटा :** यह एक स्पेनिश फिल्म है। यह 17 अप्रैल को स्पेन में रिलीज हुई। अब इसे दर्शक ओटीटी पर भी देख सकेंगे। इसका निर्देशन फर्नांडो जी. मोलिना ने किया है। यह फिल्म 1972 में इसी नाम से बनी फिल्म पर आधारित है। फिल्म कहानी एक पारंपरिक रुढ़िवादी परिवार में जन्मी इकलौती संतान एडेला पर आधारित है। इसे 01 मई को नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

**बैचमेट्स :** यह एक तेलुगु वेब सीरीज है, जो इंजीनियरिंग के चार छात्रों पर आधारित है। इसमें कॉलेज लाइफ, रैगिंग के अलावा छात्र जीवन के कई अन्य पहलुओं को दिखाया जाएगा। इसे 30 अप्रैल से जियोहॉटस्टार पर देखा जा सकता है।

**द हाउस ऑफ द स्पिरिट्स :** यह एक हॉरर ड्रामा सीरीज है। यह सीरीज परिवार की कहानी है, जिसे हिंसक सामाजिक उथल-पुथल के बीच गुप्त प्रेम, क्रांति और परिवार के तानाशाह मुखिया तथा उसकी पोती के बीच की पीढ़ियों पुरानी कलह का सामना करना पड़ता है। यह सीरीज 29 अप्रैल को प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।

## खबर संक्षेप



### रायगढ़ का बढ़ा मान ओपी ने दी बधाई

**रायगढ़।** वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने रायगढ़ के होनहार निशानेबाज दिव्यांशु देवांगन ने मिस्र के काहिरा में आयोजित 10 मीटर राइफल जूनियर मिक्स्ड स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर छत्तीसगढ़ और रायगढ़ का मान बढ़ाने पर बधाई देते हुए कहा इस उपलब्धि से रायगढ़ का मान देश में बढ़ा है। ओपी चौधरी ने भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी है।

### सरकारी जमीन से हटेगा बेजा कब्जा

**सारंगढ़।** कलेक्टर ने अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान सीएम, कलेक्टर एवं अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदनों को समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने भीषण गर्मी को देखते हुए जिले के सभी गांव और शहरों के चौक चौराहों में प्याऊ की व्यवस्था का निर्देश दिया।

न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी सरिया,
जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)
रा.मा.क्र ब-121 वर्ष 2025-26
ग्राम महाराजपुर प ह.नं 09
रा.नि.मं- सरिया तहसील सरिया

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कुबेर प्रधान पिता स्व. पितांबर प्रधान निवासी महाराजपुर तहसील सरिया जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ छ.ग. के द्वारा अपने पिता पितांबर प्रधान का मृत्यु दिनांक 11.09.1996 (शब्दों में ग्यारह सितम्बर उन्नीस सौ छियान्बे) को ग्राम महाराजपुर में मृत्यु होने से तथा समयावधि में पंजीयन दर्ज नहीं करा पाने से जन्म/मृत्यु पंजीयन दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र, अनुपलब्धता, चालान एवं शपथ पत्र एवं दस्तावेज के साथ प्रस्तुत किया है।

अत: उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो वह स्वंय या अपने किसी अभिभाषक के माध्यम से नियत तिथि 04.05.2026 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त उजर दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 17.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी, सरिया

### शुद्धता को लेकर खाद्य पदार्थो की हो रही जांच, चल रहा अभियान

# तीन डेयरी से लिया दूध, दही और पनीर का सैंपल, जांच के लिए भेजे गए लैब

**रायगढ़।** पहले दिन शहर में संचालित तीन दूध डेयरी से दूध, दही और पनीर का सैंपल लेकर जांच के लिए लैब भेजी गई है। रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। वहीं दूसरे दिन जिले में सही दवा, शुद्ध आहार यही छत्तीसगढ़ का आधार अभियान के तहत खाद्य गुणवत्ता और स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार निरीक्षण एवं जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

इसी क्रम में सोमवार को जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बबन पठारे ने रायगढ़ शहर के विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं



का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान रेलवे स्टेशन के समीप स्थित बैंकर्स मेजिक बेकरी के किचन में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, साफ-सफाई, आवश्यक दस्तावेज, दुग्ध उत्पादों एवं कुकिंग ऑयल के उपयोग का बारीकी से अवलोकन किया गया। इस दौरान पनीर का नमूना संग्रहित कर गुणवत्ता परीक्षण के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ ने खाद्य प्रतिष्ठानों को स्वच्छता एवं सुरक्षा मानकों के पालन के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन दिया। उन्होंने खाद्य पदार्थों को ढककर रखने, फ्रीजर की नियमित सफाई सुनिश्चित करने, स्टेनलेस स्टील चॉपिंग बोर्ड का उपयोग करने तथा स्वच्छ वातावरण बनाए रखने पर जोर दिया।

#### 11 मई तक अभियान

जिले में 27 अप्रैल से 11 मई 2026 तक विशेष सघन जांच अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत नियमित निरीक्षणए नमूना परीक्षण और जनजागरूकता गतिविधियों के माध्यम से खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जा रहा है। कलेक्टर ने अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एडीएम अपूर्व प्रियेश टोप्पो को नोडल अधिकारी तथा संयुक्त कलेक्टर राकेश गोलछा को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

## ट्रांसजेंडरों को मिलेगी पहचान, लगेगा शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़



ट्रांसजेंडरों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की पहल की जा रही है। इसके लिए इस समुदाय के लोगों को पहचान पत्र दिया जाएगा। इसके लिए शिविर लगाए जाएंगे। ट्रांसजेंडर समुदाय को सामाजिक एवं आर्थिक मुख्यधारा से जोड़ने उनके अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने, जागरूकता बढ़ाने और पंजीयन प्रक्रिया को सहज बनाने के उद्देश्य से समाज कल्याण विभाग द्वारा जिला एवं क्षेत्रीय स्तर पर विशेष जागरूकता एवं सुविधा शिविर आयोजित किए जाएंगे।

इन शिविरों का आयोजन स्थानीय गैर सरकारी संगठनों एवं ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड के समन्वय से किया जाएगा, जहां सभी आवश्यक सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएंगी। इन शिविरों में ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को पहचान पत्र पंजीयन, प्रमाण पत्र जारी करनेए आवश्यक मार्गदर्शन एवं अन्य शासकीय सेवाओं की सुविधा एक ही स्थान पर प्रदान की जाएगी, जिससे उन्हें अनावश्यक परेशानियों से मुक्ति मिलेगी। गत दिवस जिला कलेक्टोरेट परिसर में जिला प्रशासन और ट्रांसजेंडर समुदाय के बीच एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई थी।

## चक्कर खाकर गिरे छिछोर उमरिया के पंच, मौत, लू लगने की आशंका



**पुसौर।** पुसौर तहसील क्षेत्र के ग्राम छिछोर उमरिया के वार्ड क्रमांक 9 के पंच रमेश गुप्ता की मौत हो गई। 35 वर्षीय रमेश अपने ससुराल जा रहे थे तभी मंशाटार के पास अचानक चक्कर आने से गिर पड़े। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। ग्रामीणों का अंदेशा है कि पंच की मौत लू लगने से हुई है, लेकिन पुसौर बीएमओ डॉ. विनोद नायक ने इसकी पुष्टि नहीं की है। बीएमओ श्री नायक ने कहा कि चक्कर खाकर जरुरत गिर गए थे, लेकिन जब तक पीएम रिपोर्ट नहीं आ जाता तब तक कोई भी परिणाम निकालना जल्दबाजी होगी। उन्होंने कहा कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकती है।

जानकारी के अनुसार रमेश गुप्ता पिता ज्योतिष गुप्ता रविवार दोपहर अपने ससुराल जाने के लिए निकले थे। मंशाटार के पास भीषण गर्मी के कारण उन्हें चक्कर आया और वे वहीं गिरकर बेहोश हो गए। राहगीरों ने घटना की सूचना परिजनों को दी। परिजन मौके पर पहुंचे और रमेश को अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उनकी सांसे थम गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराया। इसके बाद रमेश का पार्थिव शरीर परिजनों को सौंप दिया गया। अंतिम संस्कार में गांव के सैकड़ों लोग शामिल हुए। ग्राम पंचायत छिछोर उमरिया की सरपंच रामेश्वरी महेंद्र साव बारीकी से नजर रख रही थीं। जहां जो जरूरत महसूस हुई उसे पूरा किया गया। घटना पर शोक प्रकट करते हुए सरपंच ने कहा छिछोर उमरिया पंचायत ने एक होनहार और कर्मठ पंच को खो दिया।



### बरमकेला बीईओ ने किया पदभार ग्रहण

**बरमकेला।** बरमकेला बीईओ के तौर पर मुकेश कुर्रे ने पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करते ही शिक्षा विभाग में नई ऊर्जा एवं सकारात्मक माहौल का संचार हुआ। इस अवसर पर कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन बरमकेला द्वारा उनका स्वागत किया गया। पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम का आयोजन एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें विभाग के विभिन्न अधिकारी कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। बरमकेला विकासखण्ड शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है, किंतु अभी भी कई चुनौतियाँ मौजूद हैं, जिनका समाधान एक सक्षम एवं दूरदर्शी नेतृत्व से ही संभव है। फेडरेशन विश्वास व्यक्त किया कि श्री कुर्रे के अनुभव, एवं प्रशासनिक क्षमता के चलते क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा और गति प्राप्त होगी।

## रमापति स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह



**चंद्रपुर।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी रमापति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चंद्रपुर हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम में लोकल कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाफल की घोषणा एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य शिवनाथ पटेल इंग्लिश मीडियम के प्रभारी प्राचार्य गिरधारी निषाद एवं उप प्राचार्य ताराचंद निषाद के द्वारा मां सरस्वती की छायाचित्र में पूजन अर्चन के पश्चात वार्षिक परीक्षा 2026 में प्रथम, द्वितीय एवम तृतीय आए छात्र छात्राओं को कार्यक्रम में आमंत्रित कर विद्यालय के प्राचार्य श्रीमान शिवनाथ पटेल एवं प्रभारी प्राचार्य गिरधारी निषाद के द्वारा स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के संचालक श्रीमान बड़े सर एवम श्रीमती बड़ी ने कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को स्वर्णिम भविष्य की शुभकामना दी।







